

RRB ALP & TECHNICIAN 2024
&
झारखण्ड पुलिस भर्ती
Pilot Batch (CBT- 1&2)
सेवक बैच
HISTORY
उत्तर भारत के राजवंश
LIVE 08-03-2024 09:00 AM

# उत्तर भारत के राजवंश :

## ⇒ कन्नौज त्रिपक्षीय संघर्ष :-

1. गुजरात व राजपूताना के गुर्जर प्रतिहार
2. दक्कन के राष्ट्रकूट
3. बंगाल के पाल शासक

⇒ त्रिपक्षीय संघर्ष की शुरुआत प्रतिहार शासक वत्सराज ने की थी, कन्नौज पर शासन करने वाले आयुध शासक इन्द्रायुध को परास्त करके उत्तर भारत पर अपना आधिपत्य जमाने का प्रयास किया

⇒ **संघर्ष का प्रथम चरण :-**

- गुर्जर प्रतिहार शासक वत्सराज
- पाल नरेश धर्मपाल
- राष्ट्रकूट नरेश ध्रुव

# गुर्जर प्रतिहार वंश :

⇒ **उत्पत्ति :-** गुजरात व दक्षिण-पश्चिम राजस्थान क्षेत्र में

⇒ प्रतिहारों ने खुद को अभिलेखों में 'लक्ष्मण वंशज' का वंशज बताया है।

⇒ गुर्जर जाति का सर्वप्रथम उल्लेख पुलकेशिन के एहोल अभिलेख में किया गया है, इस वंश की स्थापना हरिश्चन्द्र ने की थी, जिसे प्रतिहार वंश का आदिपुरुष कहा जाता है।

① **नागभट्ट प्रथम** :- 730-756 AD

⇒ प्रथम महत्वपूर्ण शासक नागभट्ट प्रथम था, नागभट्ट प्रथम प्रतिहारो की भीनमाल व उज्जैन शाखा का संस्थापक था।

⇒ मिहिरभोज के ग्वालियर प्रशस्ति में नागभट्ट प्रथम को म्लेच्छो (अरब का नाशक), नारायण का अवतार तथा लक्ष्मण का वंशज बताया गया है।

② वत्सराज : (783-795 AD)

⇒ गुर्जर प्रतिहार वंश का 'वास्तविक संस्थापक' माना जाता है।

⇒ वत्सराज के समय कन्नौज के लिए त्रिपक्षीय संघर्ष शुरू हुआ, जिसमें पाल नरेश धर्मपाल को पराजित किया, जबकि राष्ट्रकूट नरेश ध्रुव से पराजित हो गये।

⇒ नागभट्ट द्वितीय : (795–833 AD)

⇒ नागभट्ट द्वितीय ने कन्नौज पर अधिकार कर उसे प्रतिहार वंश की राजधानी बनाया।

⇒ नागभट्ट द्वितीय राष्ट्रकूट नरेश गोविन्द तृतीय से पराजित हुआ।

⇒ उपाधियाँ :- परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर (बकुला / कुचकला अभिलेख के अनुसार)

⇒ **मिहिरभोज प्रथम** (836 – 885 AD)   उपाधि :- आदिवराह

⇒ प्रतिहार वंश का सबसे महत्वपूर्ण शासक था।

(Imp) ⇒ अरब यात्री सुलेमान, मिहिरभोज के शासनकाल में भारत आया था।

⇒ शून्य का प्रथम अभिलेखीय प्रमाण मिहिरभोज के ग्वालियर प्रशस्ति लेख में मिलता है।

⇒ मिहिरभोज वैष्णव धर्म के अनुयायी थे।

⇒ **महेन्द्रपाल प्रथम (885 – 910 AD)**

राजगुरु :- प्रसिद्ध विद्वान राजशेखर

→ रचना :- कर्पूरमंजरी, काव्यमीमांसा, बाल रामायण, हरविलास

⇒ **महिपाल प्रथम :- (910, 912, 914 – 943 AD)**

→ बगदाद निवासी अलमसूदी महिपाल के शासनकाल में भारत आया।

अन्तिम शासक :- यशपाल